रिक्शा चालकों को अधिकार दिलाने का होगा प्रयास

जागरण संवाददाता, रांची : मैत्री इंडिया द्वारा रविवार को एचआरडीसी सभागार में रिक्शा चालकों व गैरेज मालिकों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय और कांके विधायक जीतू चरण राम शामिल हुए। दोनों ने कहा कि हमारी ओर से जो भी सहायता की जरूरत होगी, देने का प्रयास रहेगा। सभी को अच्छा जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए।

इस दौरान मैत्री संस्था द्वारा रिक्शा चालक गैराज डायरेक्ट्री का विमोचन, वितरण व मेन रोड में रिक्शा के प्रवेश पर रोक आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। जानकारी दी गई कि मैत्री की योजना के तहत रिक्शा चालकों के जीवन में मूलभूत परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है।

अब तक के अध्ययन और आंकड़े बताते हैं कि भारत में ही नहीं, बल्कि बाहरी देशों में भी ऐसी योजनाएं व कार्यक्रम रिक्शा चालकों को उनके अधिकारों को दिलाने में सफल रहे हैं। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि हमारे देश में 93 फीसद असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पाता है। सरकार द्वारा ऐसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका फायदा रिक्शा चालकों तक सिर्फ इस कारण नहीं पहुंच पाता है, क्योंकि उनके पास स्थायी पता व परिचय पत्र नहीं होता है। मौके पर अपराजिता मिश्रा, स्मिता दास गुप्ता, जेनरल भूपेंद्र सिंह, डायरेक्टर अशोक जॉली सहित कई लोग मौजूद थे।